Title: Need to provide financial assistance to Government of Madhya Pradesh for construction of bridges on river Tamas at Tyothar Ghat and on river Mada at village Garhi in Reewa District of Madhya Pradesh.

श्री सुन्दर लाल तिवारी (रीवा) : सभापति महोदय, मध्य प्रदेश में रीवा जिले के ग्राम गढ़ी के मादा नदी पर, जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा से लगी हुई है, पुल बन जाने से न केवल दोनों राज्यों में आवागमन सुलभ हो जायेगा, वरन् उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश आपस में जुड़ जायेंगे। इसके अतिरिक्त, अभी नदी पार जाने में आम लोगों को जितना समय और पैट्रोल की बर्बादी करनी पड़ती है, उसकी भी बचत होगी।

इसके अलावा रीवा जिले की त्योथर तहसील पश्चिमी क्षेत्र के नाम से जानी जाती है। टमस नदी के त्योथर घाट में पुल न होने के कारण आवागमन का मार्ग अवरूद्ध रहता है तथा खास तौर से बरसात के दिनों में नदी से उतरने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि टमस नदी के त्योथर घाट में पुल बनाने तथा ग्राम गढ़ी के मादा नदी पर शीघ्र पुल निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें तथा इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराया जाए।